प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप को भरसार विश्वविद्यालय के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार

पंतनगर, 16 जून 2026। उत्तराखण्ड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप को वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

लोकभवन से जारी आदेश में कहा गया है कि भरसार विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति डा. परविन्दर कौशल का विस्तारित कार्यकाल 15 जून 2026 को समाप्त हो गया है। साथ ही, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में विशेष कार्याधिकारी के रूप में कार्यरत डा. भगवती प्रसाद भट्ट की कुलपति पद पर नियुक्ति की गई है। उनके कार्यभार ग्रहण करने तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों के सुचारू संचालन हेतु प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप को यह अतिरिक्त दायित्व प्रदान किया गया है।

प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप वर्तमान में पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। अब वे दोनों विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक कार्यों के समन्वित संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पंतनगर विश्वविद्यालय परिवार ने प्रो. शिवेन्द्र कुमार कश्यप को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में दोनों विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा कृषि एवं उद्यानिकी विकास के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।